सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

प्रेसनोट दिनांक 13.03.2025

अपराध नियंत्रण की दिशा मे कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त को पुलिस मुठभेड़ मे किया गया गिफ्तार।

कब्जे से 01 अवैध तमंचा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर, 01 खोखा कारतूस 315 बोर तथा घटना मे प्रयुक्त 01 मोटरसाइकिल बजाज डिस्कवर (बिना नम्बर प्लेट) की गयी बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी जसवंतनगर इटावा के कुशल नेतृत्व में थाना जसवंतनगर पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरण:-

आगामी त्योहार व जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 12/13.03.2025 की रात्रि को थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत नहर पुल कचोरा बाईपास पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान कचौरा रोड की तरफ से 01 मोटर साइकिल आती हुई दिखाई दी। पुलिस टीम द्वारा उक्त मोटरसाइकिल को रोकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्ति तेजी से मोटरसाइकिल पीछे मोडकर नहर की पटरी के कच्चे रास्ते पर भागने का प्रयास करने लगे, जिससे मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर फिसल कर गिर गयी, स्वयं को पुलिस टीम से घिरता देख उनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। जिस पर पुलिस टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर **01 व्यक्ति को नहर पुल कचोरा बाईपास के पास 01 अवैध तमंचा,02 कारतूस व 02 जिंदा कारतूस सहित समय 03.50 बजे रात्रि गिरफ्तार किया गया।**

दूसरा व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठाकर भागने मे सफल रहा जिसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम प्रयासरत है।

पुलिस पूछताछ:-

पकड़े गये व्यक्ति से नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो अभियुक्त रामनरेश उर्फ गटुआ पुत्र गिर्राज द्वारा बताया गया वह और उसका साथी मिलकर चोरी व लूट की घटनायें करते है, आज भी हम लोग चोरी व लूट करने के लिए अपनी डिस्कवर मोटर साइकिल से जा रहे थे। तथा बरामद तमन्चा लोगो को डराने धमकाने एवं अपराध कारित करने के उद्देश्य से पास रखते है।

गिरफ्तार अभियुक्त:-

1. रामनरेश उर्फ गटुआ पुत्र गिर्राज निवासी कोटरे का पुरा थाना निबोहरा जनपद आगरा **उम्र 24 वर्ष।**

बरामदगी:-

1. 01 अवैध तमंचा 315 बोर।
2. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
3. 01 खोखा कारतूस 315 बोर।
4. 01 मोटरसाइकिल डिस्कवर बिना नम्बर प्लेट।

पंजीकृत अभियोग:-

1. मु0अ0स0 69/25 धारा 109,3(5) बीएनएस (पुलिस मुठभेड) व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

आपराधिक इतिहासः-

अभियुक्त रामनरेश उर्फ गट्टुआ पुत्र गिर्राज

1. मु0अ0स0 59/22 धारा 392/411 भादवि थाना फतेहाबाद, आगरा।
2. मु0अ0स0 62/2022 धारा 379/411 भादवि थाना फतेहाबाद, आगरा।
3. मु0अ0स0 69/25 धारा 109, 3(5) बीएनएस (पुलिस मुठभेड) व 3/25/27 आर्म्स एक्ट थाना जसवंतनगर जनपद इटावा।

पुलिस टीम- प्रभारी निरी0 श्री रामसहाय सिंह थाना जसवंतनगर, उ0नि0 राजकुमार सिंह, का0 सनोज कुमार, का0 शुभम पंवार, का0 विपिन कुमार।